an>

Title: Need for action against a chit fund company alleged in scam in Nashik.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में कल और परसों तीन छोटे निवेशकों, गरीब किसानों ने आत्महत्या कर ली। एक नया चिट फंड घोटाला, जैसे पश्चिम बंगाल में शारधा चिट फंड घोटाला हुआ था, उसी प्रकार का महाराष्ट्र में केवीपीएल घोटाला हुआ है। लोगों के लगभग पचास हजार करोड़ रुपये डूब रहे हैं। हजारों छोटे निवेशक, जिनमें मजदूर हैं, नौजवान हैं, महिलाएं हैं, छोटे-छोटे गरीब मजदूर, किसान हैं। वे तंग आ चुके हैं। दो महीने पहले राज्य सरकार के पास राज्य की पुलिस और सीआईडी ने 991 करोड़ के इस घोटाले की रिपोर्ट दी थी। आज महाराष्ट्र में नासिक हो, जालना हो, औरंगाबाद हो, वहां पर लोग रास्ते पर आ रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री, श्री अरुण जेटली जी से प्रार्थना करूंगा कि जो चिट फंड कंपनियों के घोटाले बढ़ रहे हैं, राज्य सरकार विशेष तौर पर महाराष्ट्र सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। महाराष्ट्र सरकार को मैंने इस प्रकार की 41 कंपनियों की सूची दी हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग दस लाख छोटे निवेशकों की पूरी सेविंग्स डूब रही है। सरकार इन गरीब किसानों को आत्महत्याओं के बचाये, वित्त मंत्री सेबी को निर्देश दें और गृह मंत्री राज्य सरकार को कहें। मैं कल से महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री और गृह मंत्री को सम्पर्क कर रहा हूं, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

इसलिए मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि जो अनेक लोग आत्महत्याएं कर रहे हैं, कृपया उन्हें बचायें, महाराष्ट्र के इस चिट फंड घोटाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उनके मालिक विदेश भाग गये हैं, उनसे गरीबों के पैसे की रक्षा की जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री शिवकुमार उदासी को श्री किरीट सोमैया के विषय के साथ सम्बद्ध किया जाता है।